(523)

IS 15700:2005

सर्वोत्तम प्रमाणित

# उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद
## कार्यालय परियोजना प्रबन्धक

निर्माण इकाई–3, आफिस काम्प्लेक्स, (द्वितीय तल)
सेक्टर–9, वृन्दावन योजना, लखनऊ
E-Mail Id :- officepmcu3lucknow@gmail.com

भारतीय मानक ब्यूरो ISI5700

Bureau of Indian Standards SQMS

पत्र सं0– .............................. / Y-25 / दिनांक– / / .............

सेवा में,

मेसर्स एकदन्त इण्डिया लिमिटेड
सी–40, सेक्टर–58, नोएडा (उ0प्र0)

विषय :– वृन्दावन योजना सं0–3, लखनऊ के सेक्टर–12 में प्रस्तावित अरावली इन्क्लेव में 560 नग बहुमंजिले आवासीय फ्लैट्स के निर्माण कार्य की निविदा स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आप द्वारा दिनांक–05.04.2014 को आमंत्रित निविदा में दी गयी दर को मुख्य अभियन्ता (म0), उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ के पत्रांक–1665/टी0क्यू/116 (ए)/दिनांक–22.05.2014 के द्वारा निम्नानुसार स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है, कृपया पत्र निर्गत के एक सप्ताह के अन्दर अनुबन्ध की औपचारिकतायें पूर्ण करते हुए अनुबन्ध पर हस्ताक्षर करना सुनिश्चित करें।

| क्रम | कार्य का नाम | मद का नाम | मात्रा (वर्गमी0) | स्वीकृत दर (प्र0वर्गमी0) | लागत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Engineering, procurement and constuction of multi storeyed (B+S+10) residential finished Flats including basement, based on conventional R.C.C. beam-column framed structure in Vrindavan Yojna No-3, Sector-12, Lucknow, including soil testing, structural design, construction of boundry wall and all site internal develoment etc. As per attached drawing & design and specification complete in all respect ready to move in for living condition. | 1– बेसमेन्ट | 20702.94 | 22775.00 | 47,15,09,458.50 |
| | | 2– स्टिल्ट | 6663.46 | 8500.00 | 5,66,39,410.00 |
| | | 3– सुपर स्ट्रक्चर | 78150.20 | 18797.00 | 1,46,89,89,309.40 |
| | | | | योग रु0 | 1,99,71,38,177.90 |
| | | | | अर्थात रु0 | 1,99,71,38,178.00 |

(रु0 एक अरब निन्नानवें करोड़ इकहत्तर लाख अड़तीस हजार एक सौ अट्हत्तर मात्र)

**प्रतिबन्ध :–**

1. सक्षम अधिकारी द्वारा स्वीकृत ले–आउट प्लान, लेविल्स तथा विशिष्टियों के अनुरूप कार्य निर्धारित कार्यावधि में पूर्ण किया जायेगा।
2. उक्त दरो में सामग्री, लेबर, टी0 एण्ड पी0, मशीनरी व आर0एम0सी0 प्लान्ट एवं शासन द्वारा निर्धारित लेबर सेस, सर्विस टैक्स, रायल्टी, वैट लेवी इत्यादि सभी प्रकार के टैक्स व कर सम्मिलित करते हुए समस्त टावर का सम्पूर्ण निर्माण कार्य तथा परिसर का पूर्ण विकास किया जाना सम्मिलित है।
3. प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति एवं निविदा में उल्लिखित शर्तो/प्रतिबन्धों के अनुसार कार्य कराया जायेगा।
4. प्रशासनिक एवं वित्तीय/तकनीकी स्वीकृति से अधिक धनराशि किसी भी दशा में व्यय नहीं की जायेगी।
5. निविदा में उल्लिखित विशिष्टियों एवं प्राविधानों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय तथा कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण कराया जाय। समय–समय पर उच्चाधिकारियों द्वारा स्थल निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता उच्च स्तर की रखी जाय।
6. निविदा की शर्तो के अनुसार कार्यावधि में सीमेन्ट व रेनफोर्समेन्ट स्टील की दरों में वृद्धि/कमी होने पर प्राइस वेरीएशन का प्राविधान है।
7. उक्त कार्य 24 माह में पूर्ण कराया जायेगा।
8. अनुबन्ध की कुल धनराशि का 5.00 प्रतिशत धनराशि रु0 **99856908.90 परफारमेन्स** धनराशि के रूप में नेशनलाइज्ड बैंक के माध्यम से एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0/बैंक गारन्टी के रूप में तैयार कराकर **परियोजना प्रबन्धक, निर्माण इकाई–3,** उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ के पक्ष में बन्धक बनाकर प्रस्तुत करें।

EKDANT INDIA LTD. Authorised Signatory/Director

A.D. परि0 प्रबन्धक नि0 इ0–3 S.E. Vrindavan Circle Lko. क्रमशः–2

G:\letter atvali 214\acceptance letter.doc

525



9. धरोहर धनराशि के मद में अनुबन्ध की कुल धनराशि का 5.00 प्रतिशत धनराशि प्रत्येक रनिंग बिल से काटी जायेगी।
10. स्ट्रक्चरल डिजाइन निविदा की शर्तो के अनुसार किसी आई0आई0टी0 संस्थान से वेटेड कराकर प्रस्तुत करना होगा, तदोपरान्त निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जा सकेगा।
11. अनुबन्ध गठित हेतु रू0 100.00 नान जूडिशियल स्टैम्प पेपर प्रस्तुत करें।
12. निविदा स्वीकृति के फलस्वरूप अनुबन्ध हेतु शासन द्वारा निर्धारित मानक के क्रम में निविदा मूल्य के परिप्रेक्ष्य में रू0 100.00 के स्टैम्प पेपर पर शपथ पत्र प्रस्तुत करे कि यदि भविष्य में शासन द्वारा स्टैम्प ड्यूटी बढ़ाई जाती है तो वह आपको तदानुसार देय होगी।
13. कार्य निविदा में अंकित शर्तो/प्रतिबन्धों व विशिष्टियों के अनुरूप कराया जाय।
14. अनुबन्ध गठित होने के उपरान्त भी यदि यह संज्ञान में आता है कि सम्बन्धित फर्म/निविदादाता सक्रिय रूप से माफिया गतिविधियों/असामाजिक कार्यो में एवं संगठित अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त है तो अनुबन्ध निरस्त कर दिया जायेगा।
15. फर्म की पार्टनरशिप डीड एवं अधिकृत प्रतिनिधि की फोटो एवं हस्ताक्षर को प्रमाणित कराते हुये प्रपत्र प्रस्तुत करना होगा।
16. हैसियत एवं चरित्र प्रमाण–पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत करना होगा।
17. आयकर, ब्यापार कर, लेबर सेस एवं सर्विस टैक्स में पंजीकरण की प्रमाणित प्रतिलिपि प्रस्तुत करनी होगी।
18. निर्धारित प्रारूप पर रू0 100.00 नान जूडिशियल स्टैम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित कर वारन्टी प्रस्तुत करें।
19. शेष नियम एवं अन्य शर्ते निविदा में अंकित शर्तो के अनुसार मान्य होगी।
20. किसी भी विवाद हेतु न्यायिक क्षेत्र जनपद लखनऊ होगा।

भवदीय

(रूप चन्द)
परियोजना प्रबन्धक

पृ0सं0 988 /उक्त/ 72 तद्दिनांक :– 30/05/2014

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।**

1. मुख्य अभियन्ता (म0), उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, 104, महात्मा गांधी मार्ग, लखनऊ को उनके उपरोक्त पत्र के क्रम में।
2. अधीक्षण अभियन्ता, वृन्दावन वृत्त, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, नीलगिरी काम्प्लेक्स, इन्दिरा नगर लखनऊ को वृत्त कार्यालय के पत्रांक–946/एम–16/79 दिनांक–30.05.2014 के क्रम में।
3. सहायक अभियन्ता–तृतीय/सहायक लेखाधिकारी, निर्माण इकाई–3, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, वृन्दावन योजना लखनऊ।
4. अनुबन्ध पत्रावली।
5. गार्ड फाइल।

30/5/14
परियोजना प्रबन्धक

Scanned by CamScanner